卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 124 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦11 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हल्द्वानी दंगे का मास्टर माइंड गिरफ्तार

### इंटरनेट सेवा हुई बहाल, बनभूलपुरा में चौथे दिन जारी रहा कर्फ्यू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा के मास्टरमाइंड को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।दंगाईयों का चिन्हीकरण लगातार जारी है। जल्द ही कई और गिरफ्तारियां होने की उम्मीद है। बनभूलपुरा में कर्फ्यू रविवार को भी जारी रहा। शहर में रविवार को इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गयी हैं। बता दें बृहस्पतिवार को बनभूलपुरा अंतर्गत मलिक का बगीचा में मदरसा व नमाज पढ़ने के स्थान से अतिक्रमण (शेष पृष्ठ सात पर)






### बनभूलपुरा से सटे क्षेत्र में सन्नाटा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कर्फ्यू के चलते बनभूलपुरा व लगते क्षेत्र में बाजार तीसरे दिन भी पूरी तरह बंद होने से सन्नाटा पसरा हुआ है। बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाये गये मदरसे और मस्जिद को ढ़हाने के बाद शहर में हालात बेकाबू हो गये थे। जिसके बाद प्रशासन क्षरा सम्पूर्ण शहर (शेष पृष्ठ सात पर)

## घरों से निकलीं सैकड़ों महिलाएं,पुलिस ने खदेड़ा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दंगाग्रस्त कर्फ्यू वाले क्षेत्र में आज दोपहर अचानक सैकड़ों महिलायें नारेबाजी करते हुए सड़कों पर निकल आई। जिन्हें क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों ने लाठियां फटकार कर व समझा बुझाकर वापस भेज दिया। जिससे क्षेत्र



में एक बार फिर माहौल गरमा गया। प्रशासन द्वारा दंगाग्रस्त क्षेत्र बनभूलपुरा में पिछले तीन दिन पूर्व लगाये गये कर्फ्यू में कोई ढ़ील न दिये जाने (शेष पृष्ठ 7पर)

## ‘उत्तराखंड’ में अब ‘धामी’ का दिखेगा ‘योगी-अवतार’ ?

### दंगाइयों के विरुद्ध भविष्य के लिए मिसाल बन जाने वाली कार्यवाही का ऐलान, मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद एक्शन में हल्द्वानी पुलिस

-अर्श-

अल्मोड़ा। हल्द्वानी दंगे के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बीते रोज सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में पहली बार किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए ।भव्य रोड-शो के साथ नगर भ्रमण करने के बाद, गांव चलो अभियान के कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने हल्द्वानी के उपद्रवियों को किसी भी सूरत में ना बख्शने का अपनी सरकार का संकल्प दोहराया ।कार्यक्रम के उद्बोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार देवभूमि में किसी भी प्रकार की हिंसा या अनियंत्रित व्यवहार की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने आगे कहा कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा हिंसा में संपत्तियों को हुए नुकसान के लिए जिम्मेदार दंगाइयों से ही हुए नुकसान के एक-एक पाई की भरपाई की जाएगी और पुलिस आरोपियों से सख्ती से निपटेगी, चाहे वे कोई भी हों ।मुख्यमंत्री ने सूबे की रवायत का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है ।यहाँ लोग हमेशा सुख और शांति से रहते हैं।इस देवभूमि की आबोहवा कतई खराब नहीं होने दी जायेगी ।जो भी देवभूमि की छवि खराब करने की कोशिश करेगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा। पूरे प्रदेश में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई चल रही है और यह इसी तरह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी काम में बाधा डालने वाले किसी



भी व्यक्ति से सख्ती से निपटा जाएगा। इतना ही नहीं, हल्द्वानी दंगों से खासा व्यथित मुख्यमंत्री ने तो यहां तक कहा कि वे दंगाइयों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही करेंगे जो भविष्य के लिए मिसाल बन जाएगी। लिहाजा धामी के अल्मोड़ा ऐलान के बाद अब यह माना जा रहा है कि सीएम धामी अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवतार में दिखाई देंगे और वे योगी आदित्यनाथ की तरह ही दंगाइयों से निपटने में अभूतपूर्व सख्ती दिखाएंगे तथा हर वह उपाय करेंगे जिसके लिए योगी आदित्यनाथ जाने जाते हैं। गौर तलब है कि हल्द्वानी दंगे के एक रोज बाद जब मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी पहुंचकर दंगा पीड़ितों से मुलाकात की थी, तो वह प्रत्यक्ष तौर पर सामान्य अवश्य दिख रहे थे, लेकिन भीतर ही भीतर वे उबल-से रहे थे और कसमसा कर रह गए थे। वह इसलिए, क्योंकि वे संविधान की शपथ से बंधे हुए हैं और संवैधानिक उपबंधों पालन करना उनका प्राथमिक कर्तव्य है। बावजूद इसके मुख्यमंत्री के हाव-भाव इस बात का साफ इशारा कर रहे थे कि वे दंगाइयों के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाने का निश्चय मन ही मन कर चुके हैं। और अपनी पहली ही सार्वजनिक सभा में उन्होंने दंगाइयों के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही,जो भविष्य के लिए मिसाल बन जाए, करने की बात कह कर अपने इरादों को जाहिर कर दिया। संतोष जनक बात तो यह है कि मुख्यमंत्री के ऐलान के बाद हल्द्वानी प्रशासन भी खासा सक्रिय हो उठा है और सभी दंगाइयों को चिन्हित करने के अपने प्रयास में खासी तेजी ला चुका है। यही नहीं ,मुख्यमंत्री के दंगाइयों के विरुद्ध सख्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरा कैंटर, तीन की मौत

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। बेड़ीनाग से गंगोलीहाट की ओर जा रहा एक कैंटर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस दौरान हादसे में चालक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दो शव देर रात तक बरामद कर लिए गए थे, तीसरा शव रविवार सुबह बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात एक कैंटर संख्या यूके 04 सीए 9348 बेड़ीनाग से निकला। तभी कैंटर अनियंत्रित होकर नौतस घाटी के पास लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही बेड़ीनाग, गंगोलीहाट पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने देर रात में ही राहत व बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतकों की पहचान 26 वर्षीय रमेश पालीवाल पुत्र ईश्ववरीदत्त निवासी पाली गुणादित्य, तहसील भनोली, जिला अल्मोड़ा व 28 वर्षीय दीपक कुमारपुत्र कुंवर राम निवासी पल्यूड़ा थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा के रूप में हुई है। दोनों के शवों को देर रात मोर्चरी (शेष पृष्ठ सात पर)



## भालू ने वृद्ध पर किया हमला,गंभीर

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नानकसागर डैम पार जानवर चराने गए बुजुर्ग पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया, पीछे से आ रहे जानवर मालिक पर भालू का हमला देख भालू से भिड़ गए और मालिक की जान बचाई। घायल को खटीमा के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम ऐचता निवासी रामप्रसाद पुत्र मान सिंह गांव के वन विहीन जंगल में जानवर चराने के लिए गया था, जानवर चारने के बाद शाम को वापसी में दो भालू ने उसपर हमला कर दिया। भालू के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे जानवरों को देखकर भालू मौके से भाग गए।भालू के हमले की सूचना पर गांव के लोगों ने पहुंचकर वृद्ध को खटीमा के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। ग्राम प्रधान आनंद मोहन जोशी ने बताया कि भालू के हमले की सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)



## नकली सामान भेजकर लाखों रूपये की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सर्वर लाइन सिक्योरिटी का काम शुरू करने का झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा नकली सामान भेजकर लाखों की ठगी कर लेने का मामला सामने आया है। गजेन्द्र सिंह पुत्र कान्ता प्रसाद यादव हाल निवासी जनपथ रोड फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी जवाहर नगर, वार्ड 03, लालकुआ, का कहना है कि वह सर्वर लाइन सिक्योरिटी का कार्य करने की (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुठभेड़ में ईनामी बदमाश को लगी गोली

### पुलिस पर फायरिंग करके भागने की कर रहा था कोशिश

देहरादून (उद संवाददाता)। रानीपोखरी थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान शनिवार रात पुलिस की 10 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की क्रॉस फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पकड़े गये बदमाश को जौलीग्रांट अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस के मुताबिक रात करीब नौ बजे थानो रोड पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान देहरादून की तरफ से बिना नंबर की हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। चालक ने बाइक रोकने के बजाय स्पीड बढ़ा दी और भोगपुर थानो वाली रोड पर भाग गया। पुलिस ने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर थाने की पुलिस के अलावा एसओजी और देहात पुलिस ने भोगपुर रोड पर घेराबंदी करते हुए आरोपी की तलाश की। भोगपुर थानो रोड पर पुलिस को आरोपी बाइक चालक दिख गया। अपना पीछा होता देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। वह बाइक से उतरकर(शेष पृष्ठ सात पर)






**रस्म पगड़ी/भोग**

बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पति **श्री राजेन्द्र कुमार खुराना** का आकस्मिक निधन दिनांक 2 फरवरी 2024 को हो गया है, जिनकी **रस्म पगड़ी/ भोग दिनांक 12 फरवरी 2024** दिन सोमवार को 12 से 2 बजे तक संजोग गार्डन,खटीमा रोड,सितारगंज में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

संतोष रानी पत्नी स्व. गुलशन खुराना
किशन खुराना-बाला (भाई-भाभी)
सुरेश खुराना-शमा (भाई-भाभी)
नरेश खुराना-मोना (भाई-भाभी)
श्रीमति आशा खुराना (पत्नी)
दर्पण खुराना-शिखा (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रियंका-आकाश ग्रोवर ( पुत्री-दामाद)
दीक्षा-वरुण बरारी ( पुत्री-दामाद)
एवं समस्त खुराना परिवार

# बरेली से जुड़े हिंसा के तार, एसएसबी जवान तैनात

## पुलिस ने पूर्व पार्षद महबूब आलम,जीशान सहित पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार,साठ पत्थरबाज हिरासत में
## हल्द्वानी में बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक ने ही बनवाया था अवैध मदरसा और नमाज स्थल



हल्द्वानी(उद ब्यूरो)। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए हिंसक उपद्रव को लेकर पश्चिमी यूपी बरेली से हिंसा के तार जुड़े हो सकते हैं। पुलिस के हाथ कुछ सटीक जानकारी लगी है। कई उपद्रवियों के राज्य से बाहर जाने की सूचना भी पुलिस के पास है। इसके चलते बरेली और पश्चिमी यूपी पुलिस टीम भेजी गई है। उपद्रव के तीसरे दिन भी बनभूलपुरा में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की सख्ती को और भी बढ़ा दिया गया है। सीएम से लेकर मुख्य सचिव और डीजीपी का दौरा होने के बाद बनभूलपुरा में फोर्स की सक्रियता और संख्या दोनों में बढ़ोतरी की गई है। बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड बताया जा रहा अब्दुल मलिक को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में लगी हैं। हिंसाग्रस्त क्षेत्र में पुलिस ने भारी फोर्स के साथ सर्च ऑपरेशन चलाकर दो निर्वतमान पार्षद समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कई लोग हिरासत में भी लिए गए हैं। मामले की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। शनिवार को हिंसाग्रस्त क्षेत्र बनभूलपुरा में पुलिस के सर्च ऑपरेशन के बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि हिंसा मामले में भाजपा नेता निवर्तमान पार्षद महबूब आलम, निवर्तमान पार्षद जीशान, सपा नेता अरशद अयूब, असलम चौधरी और सपा नेता अब्दुल मतीन सिद्दीकी के भाई जावेद सिद्दीकी को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान कहीं से भी हंगामे की खबर नहीं है और कर्फ्यू के बीच पूरे क्षेत्र में शांति बनी हुई है। अब्दुल मलिक ने सरकारी जमीन कब्जा करके मदरसा और नामाज स्थल बनाया था, जिसे तोड़ने को लेकर हिंसक घटना हुई है। इस मामले में पुलिस अब्दुल मलिक की तलाश कर रही है। मलिक को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं। बृहस्पतिवार को जहां पीएसी और पुलिसफोर्स के जवानों ने उपद्रव का सामना किया। वहीं शुक्रवार को आईटीबीपी और शनिवार को क्षेत्र में सुरक्षा घेरे को पुख्ता करते हुए एसएसबी के जवानों को भी तैनात कर दिया गया है। उधर उपद्रवियों के तार बाहर से जुड़े होने के कुछ सबूत मिलने के बाद पुलिस की टीमें पश्चिमी यूपी रवाना हो गईं हैं। पुलिस यह पता लगा रही हैं कि पेट्रोल बम बनाने वाले कहीं बाहर के तो नहीं थे। इसके अलावा भी पुलिस कई पहलुओं की जांच कर रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि हर एंगल से जांच की जा रही है।जल्द ही पुलिस खुलासा करेगी। पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें निवर्तमान पार्षद महबूब आलम भी हत्थे चढ़ा है। महबूब को भाजपा नेता बताया जाता है, लेकिन इसका नाम आने के बाद पार्टी के नेता उसके संगठन में सक्रियता न होने की बात कह रहे हैं, जबकि महबूब आलम की सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं से जुड़ी कई तस्वीर हैं। इस बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट का कहना है कि जब से वह पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं, उनके समय में महबूब आलम पार्टी में सक्रिय नहीं दिखा। उनके पास संगठन का कोई दायित्व नहीं है। इससे पूर्व के जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट का कहना है कि जब डीपीसी के चुनाव हुए थे, तब उन्होंने पार्टी को समर्थन किया था, उस वक्त पार्टी के साथ आए थे। पर उनके पास कोई दायित्व नहीं था। वे करीब दो साल से पार्टी में सक्रिय भी नहीं थे। बनभूलपुरा में पथराव और आगजनी की घटना के बाद पुलिस ने चार लोगों को मेडिकल के लिए बेस अस्पताल लेकर पहुंची। मगर संवेदनशील मामले के बावजूद शनिवार को सिर्फ चंद पुलिसकर्मियों के साथ चारों को बेस अस्पताल से कोतवाली तक पैदल ले जाया गया। इससे सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हुए। बनभूलपुरा मामला संवेदनशील होने के बावजूद पुलिसकर्मी चारों आरोपियों को पैदल की अस्पताल से 30 मीटर दूर कोतवाली तक लेकर गए। इस दौरान रास्ते में कुछ लोग उनकी फोटो भी खींचने की कोशिश करने लगे। जिस पर मास्क, मफलर आदि से आरोपियों के चेहरे को ढका गया। चौंकाने वाली बात यह थी चारों को कोतवाली लाते समय महज चार पुलिसकर्मी ही साथ थे, जबकि अस्पताल गए शेष पुलिसकर्मी वहीं रुक गए। इससे चारों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की संजीदगी पर भी सवाल खड़े होने लगे। वहीं भारी संख्या में हिंसा में शमिल उपद्रवियों को पकड़ने में पुलिस अब तक सिर्फ पांच लोगों को दबोच पायी है हांलाकि संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। पंकज उपाध्याय नगर आयुक्त के अनुसार नजूल राज्य सरकार की स्वामित्व की संपत्ति है, नगर निगम इसका प्रबंधक है। नजूल की जमीन पर अब्दुल मलिक अवैध रूप से छोटे-छोटे भूखंड को 50 और 100 रुपये के स्टैंप पर बेचने का कार्य कर रहा था। अब्दुल ने ही कथित अवैध मदरसा, नामाज स्थल बनवाया था। इसी अवैध निर्माण को बचाने के लिए उसने लोगों को उकसाने का कार्य किया है, जिसकी विवेचना पुलिस कर रही है।

## गोलियों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी थाने में कई आपराधिक रिकॉर्ड जल गये

हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए उपद्रव में पांच लोगों की गोली लगने से मौत की पुष्टि हो गई है। स्थानीय लोग पुलिस की गोली से मौत होने का आरोप लगा रहे हैं। अब पुलिस इसकी जांच कराएगी कि किस बंदक से मृतकों पर गोलियां चली हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि गोलियों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। जांच के बाद पता चलेगा कि गोली किस बंदूक से चली है। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। बनभूलपुरा के सामने कई पुलिसकर्मियों ने अपने दोपहिया वाहन खड़े किए थे। हिंसा में ये वाहन जल गए। अब तक किसी भी पुलिसकर्मी से उच्चाधिकारियों ने यह नहीं पूछा है कि उनका क्या नुकसान हुआ है। एक पुलिस कर्मी ने बताया कि उनकी बाइक थाने में आग लगने के कारण जल गई। हमसे अब तक इसकी सूची नहीं मांगी गई है। हल्द्वानी में सबसे अधिक मुकदमे हल्द्वानी कोतवाली में दर्ज होते हैं। कोतवाली क्षेत्र में मुकदमे दर्ज होने के मामले में दूसरे नंबर में बनभूलपुरा थाना आता है। बनभूलपुरा थाने में आगजनी से कई आपराधिक रिकॉर्ड जल गए हैं। अब पुलिस रिकॉर्ड का मिलान कर रही है। अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि कितने रिकॉर्ड जले हुए हैं। लोक निर्माण विभाग बनभूलपुरा थाने को रिस्टोर कर रहा है। साथ ही जले हुए रिकॉर्ड और बचे हुए अभिलेख पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए हैं। बनभूलपुरा थाना पुलिस रिकॉर्ड का मिलान कर रही है। ऑफलाइन रिकॉर्ड को भी खंगाला जा रहा है। साथ ही कंप्यूटर की हार्डडिस्क भी आग लगने से डैमेज हुई है। इसे आईटी एक्सपर्ट रिकवर करने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक पता नहीं चल पाया है कि कितने क्रिमनल का रिकॉर्ड बचा हुआ है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। इसमें समय लगेगा। बता दें कि, उपद्रवियों ने 70 से अधिक वाहनों ने आग के हवाले कर दिया। इसमें तीन जेसीबी शामिल हैं, जिनमें दो जेबीसी निगम ने किराए पर मंगाई थी, जबकि एक जेसीबी निगम की है।वहीं इस दौरान 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना भी फूंक दिया। मलिक के बगीचे के चारों ओर से पथराव में फंसने के बाद किसी तरह पुलिस फोर्स यहां से निकलकर मुख्य सड़क पर पहुंच सकी। मगर यहां भी बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया गया था। आग बुझाने पहुंचे दमकल वाहन को भी उपद्रवियों ने आग लगा दी। जिसके बाद पुलिस ने उपद्रवियों को तितर बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की। इस दौरान एके 47, एसएलआर और पिस्टल से पुलिस ने करीब सैकड़ों राउंड हवाई फायरिंग की। इसके बाद भी पथराव होने पर पैरों में गोली मारी जाने लगी। जानकारी के अनुसार उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए पुलिस टीम ने 350 राउंड से अधिक बार फायरिंग की। जिसके बाद लोग मौके से इधर उधर होने लगे। जिसके बाद पुलिस दंगाईयों पर काबू पा सकी। यदि पुलिस फायरिंग नही करती तो स्थिति बेकाबू हो सकती थी।

## अफसरों ने बताई हिंसा की आपबीती,पुलिस और निगम कर्मचारियों ने हिम्मत नहीं हारी

नैनीताल। आठ फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक के बगीचा से लेकर थाने तक जो हुआ है, वह कभी नहीं भुलाया जा सकता। बनभूलपुरा थाने में हर तरफ आग, धुआं और हमलावर भीड़ का शोर था, तो वहीं मलिक के बगीचा और आसपास के इलाके में पुलिसकर्मी पर पत्थर बरसाते उपद्रवी थे। इन विषम परिस्थितियों में भी पुलिस और प्रशासन ने हालात पर काबू पा लिया। जिस समय थाने पर भीड़ ने हमला बोला, वहां कुमाऊं मंडल विकास निगम के जीएम एपी वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक अभिसूचना डॉ. हरीशलाल, एसडीएम प्रमोद आदि भी थाने में थे। इन सभी की जान संकट में फंस गई थी। कुमाऊं मंडल विकास निगम के जीएम एपी वाजपेयी का कहना है कि हल्द्वानी में यह मंजर देखना पड़ेगा, कभी सोचा नहीं था। हर तरफ आग, धुआं और अंधेरा था। आग जब ग्राउंड फ्लोर की तरफ फैल गई, तो हम दूसरी मंजिल पर पहुंच गए। इसी बीच थाने के पीछे की तरफ से दीवार को तोड़कर भी उपद्रवी घुसने की कोशिश करने लगे। सभी की जान संकट में थी, इन स्थितियों के बीच सभी को हौंसला बनाए रखना था। इसके अलावा मौजूद कर्मियों को हिम्मत भी बंधानी थी। पर करीब डेढ़ घंटे तक यह स्थिति रही। इसी बीच उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत भी कराते रहे। थाने के आगे जो आग लगी थी, उसके कारण भी वे अंदर नहीं आ सके। इसी बीच पहुंची पुलिस, प्रशासन की टीम ने मोर्चा संभाला और उपद्रवियों को खदेड़कर हालात पर काबू पाया। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि कार्रवाई शुरू होने के साथ ही विरोध शुरू हो गया। लोगों को समझाने की कोशिश की गई। पर पुलिस ने बल प्रयोग नहीं किया। इस बीच पथराव तेज होने लगा। कर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी, वे अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करते रहे। लोगों को समझाने का प्रयास किया गया कि वे कानून को हाथ में ले रहे हैं, यह गलत है। पथराव के बीच बार- बार लोगों का समझाने का प्रयास किया गया। रास्ते में वाहनों में आग लगा दी गई थी, कार्रवाई वाले स्थल से जैसे ही टीम को लेकर निकले तभी थाने को घेरने और आगजनी की सूचना मिली। इसके बाद वहां पर पहुंची। इसके बाद पुलिस, प्रशासन ने वहां के हालात को देखते हुए सख्त कदम उठाने का फैसला किया। बृहस्पतिवार की दोपहर सब कुछ सामान्य था। शाम करीब साढ़े तीन बजे टीम के बनभूलपुरा थाने के सामने इकट्ठा होते ही क्षेत्रवासियों में सुगबुगाहट होने लगी। कुछ ही देर में इसकी सूचना पूरे क्षेत्र में फैल गई। जब टीम मलिक के बगीचे में पहुंची। बनभूलपुरा थाने में आग लगने के बाद एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा को जब पता चला कि बनभूलपुरा थाने में मजिस्ट्रेट और पुलिसकर्मी फंसे हैं। साथ ही उन्हें पता चला कि मलिक के बगीचे के आसपास कई पुलिसकर्मी पीछे छूट गए हैं और इन्होंने घरों में पनाह ली है तो एसएसपी ने मजिस्ट्रेट को पैरों पर गोली चलाने के आदेश जारी करने को कहा। बोले मैडम मेरा एक-एक जवान मेरी संपत्ति है। उपद्रवी पूरी तरह बेकाबू हो गए हैं। अपने जवानों को बचाने के लिए पैरों में गोली चलाने के आदेश तुरंत जारी कीजिए। इसके करीब 15 मिनट बाद वायरलेस पर मजिस्ट्रेट ने उपद्रवियों के पैरों पर गोली चलाने के आदेश जारी किए।



**हे शीत कहते हैं तुझे अलविदा...**करते हैं सुस्वागतम शिशिर का। इन पक्तियों को कुछ इसी अंदाज में बयां करने वाला ये चित्र विकास भवन के पास का है। फूलों, पंखुड़ियों और पत्तों को अलविदा कह चुकी पेड़ों की शाखाएं मानो संदेश दे रही हों कि फाल्गुन की केसरिया रंगत छाने का समय अब नजदीक है।

**फोटो एवं विवरण- दीपक शर्मा, रूद्रपुर**

## हल्द्वानी हिंसा में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि



देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं विभिन्न जन संगठनों और विपक्षी दलों की ओर से देहरादून गांधी पार्क में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान गांधी प्रतिमा के सामने हल्द्वानी की हिंसा में मारे गये लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। हल्द्वानी के विधायक सुमित हृद्येश ने वहां की मौजूदा हालत के बारे में जानकारी देते हुए घटना को प्रशासन की लापरवाही बताया और कहा कि बिना किसी तैयारी के तोड़फोड़ करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि हिंसा और पथराव करने वालों के साथ उनकी कोई सहानुभूति नहीं है, ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन इस बात की भी जांच की जानी चाहिए कि आखिर इस घटना की असली वजह क्या है। आयोजित शोक सभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा, महानगर अध्यक्ष जसविंदर सिंह गोंगी , पार्टी प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, लाल चंद शर्मा, याकूब सिद्धिकी, सीपीआई के समर भंडारी, सीपीएम के अनंत आकाश, सीपीआई माले के इंद्रेश मैखुरी, अखिल भारतीय किसान सभा के सीटू के लेखराज,भारत ज्ञान विज्ञान समिति के विजय भट्ट व इंद्रेश नौटियाल, भारत ज्ञान विज्ञान समिति के सतीश धौलाखंडी, साहित्यकार जितेन्द्र भारती, स्वतंत्र पत्रकार त्रिलोचन भट्ट आदि मौजूद रहे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई हिंसा की घटना को दुभाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था बहाल करने की मांग की। पूर्व सीएम नक कहा कि हल्द्वानी में शांति है, सारे राज्य को इसका सुकून है। हल्द्वानी के लोगों ने पारस्परिक सौहार्द और सम्मान यथावत रखा है जो खुशी की बात है। मेरी बहुत सारे लोगों से इस दौरान बात हुई, सभी जाति धर्मों के लोगों से बातचीत हुई, सब लोग घटनाक्रम पर समान रूप से चिंतित हैं। मगर हम इस तथ्य को नहीं भूल सकते हैं कि बिना लोगों का विश्वास जीते इस तरीके के भावनात्मक मुद्दों का समाधान नहीं निकलता है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# छत से ईंट पत्थर नहीं हटाने पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान सीरगोटिया में एक भवन की छत पर काफी मात्रा में ईंट पत्थर एकत्रित मिलने पर भवन स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया। दर्ज रपट में उनि नवीन बुधानी ने कहा है कि वह कानि. अमित जोशी के साथ क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत स्थित बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस पर ईंट व पत्थरों से हुये पथराव से कई पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी गम्भीर रुप से घायल हुये है। जिस कारण राज्य भर में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगडने की स्थिति उत्पन्न हुई। उक्त संवेदनशील स्थिति के दृष्टिगत जनपद में कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत शान्ति व्यवस्था डियुटी लगायी गयी थी। डियूटी के दौरान सीरगोटिया मस्जिद के पास स्थित घरों की छतो को चैक किये जाने पर शाहनवाज उर्फ शानू के घर की छत पर पत्थर, ईटें आदि सामान पाये गये तथा उस घर में करीब 10-11 लोग इकट्ठा थे। जो पुलिस को देखकर वहां से निकल गये। वर्तमान स्थिति एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत छत पर रखे ईंट, पत्थर आदि का उस घर मे उपस्थित व्यक्तियों द्वारा घातक तरीके से छत से नीचे फेंककर किसी को भी गम्भीर चोट पहुंचायी जा सकती थी। यदि इन ईंट,पत्थरों तथा व्यक्तियों के बारे में किसी अन्य धर्म वाले व्यक्तियों को पता चलता तो शहर में बलवा भड़क सकता था। मकान स्वामी शाहनवाज को उक्त सामान को 3 घण्टे के भीतर खाली करने सम्बन्धी नोटिस दिया गया। उक्त घरो की छतो को पुनः चैक किया गया तो उक्त ईंट ,पत्थर उसी तरह ज्यों के त्यों पडे हुए है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह मकान स्वामी द्वारा अपने घर में लोगो को इकट्ठा कर शहर में बलवा करवाने की कोशिश कर लोक सेवक के दिये गये आदेश का उल्लंघन किया गया है। पुलिस ने शहनवाज के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

सस्ते प्लाट
- भूरारानी, नगर निगम क्षेत्र में सबसे सस्ते प्लॉट, 700, 800 रू. प्रति गज।
- 30 ×60 गज की बेहतरीन कोठी मलिक कॉलोनी
- 3.67 एकड़ कृषि/ कॉमर्शियल भूमि गदरपुर रोड दानपुर

-शीघ्र सम्पर्क करें-
9897064707

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# यूसीसी बिल पर धामी का जताया आभार



भीमताल(उद संवाददाता)। भाजपा माहिला मोर्चा कार्यकर्ताओ ने विधानसभा में यू सी सी बिल पारित होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए डी डी ओ के माध्यम से ज्ञापन भेजकर आभार जताया। भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओ ने महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा के नेतृत्व में तिकोनिया चौराहे पर मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मिष्ठान वितरण किया। मेहरा ने यू सी सी बिल को ऐतिहासिक बताते हुवे मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त किया। कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश पहली पंक्ति में खड़ा हो गया है जिला महामंत्री प्रगति जैन इसे माहिला अधिकार की जीत बताया मण्डल अध्यक्ष जया बोरा ने बिल को सराहनीय व युग परिवर्तनकारी बताया महिलाओ ने डी डी ओ के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान भावना नौलिया, लीला जोशी, मीना बिष्ट, भावना पांडेय, राधा आर्या, लता पलड़िया, सुनीता खनायत, भावना खनायत, सपना सिंह, रजनी बोरा, सीमा सिंह, अंशिका बोरा, मोना पांडेय, सुशीला सिंह, गीता शर्मा, मनोज भट्ट, धन सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# गन हाऊस स्वामी पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस रिवाल्वर की सर्विस के दौरान निकली गोली से एक व्यक्ति की हुई मौत के मामले में मृतक के भाई ने गन हाऊस के स्वामी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में सचिन शर्मा पुत्र देव शर्मा निवासी शक्ति विहार कालोनी ने कहा है कि 9 फरवरी को दोपहर लगभग 1 बजे वह अपने भाई अनिल शर्मा व उसके दोस्त शिवम अरोरा पुत्र प्रमोद कुमार अरोरा के साथ अपनी लाईसेन्सी रिवाल्वर की सर्विस व सफाई कराने के लिए बाजपुर गन हाउस निकट फ्लाई ओवर, गदरपुर रोड़, रूद्रपुर की दुकान पर पहुँचा। वहाँ गन हाउस पर बैठे संजीव पुत्र चिमन लाल को उसने अपनी रिवाल्वर देकर कहा कि इसकी सर्विस और सफाई होनी है और यह इस समय लोड है इसकी सर्विस व सफाई कर दो। इतना कहकर वह, उसका भाई अनिल शर्मा व उसका दोस्त शिवम अरोरा उसकी दुकान पर ही बैठ गये। इतने में संजीव रिवाल्वर चैक करने लगा। उसे फिर बताया कि रिवाल्वर में गोली लोड है पहले निकाल लो। लेकिन उसके चैक करते-करते उसकी लापरवाही से रिवाल्वर से फायर हो गया जो सामने बैठे भाई अनिल शर्मा के सीने पर लगी । संजीव ने कहा कि जल्दी से निजी हॉस्पिटल लेकर चलो। जहाँ से संजीव के साथ उसकी गाडी से तुरन्त निजी हास्पीटल लेकर आये जहाँ डाक्टरो ने भाई अनिल शर्मा को देखकर सरकारी हॉस्पिटल रूद्रपुर ले जाने को कहाँ। इतना सुनते ही उक्त संजीव वहाँ से कही भाग गया। उसके बाद भाई को सरकारी हॉस्पिटल रूद्रपुर लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टरो ने भाई को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घरों में कैद हुई आबादी, सब्जी दूध को भी तरस गए लोग

हल्द्वानी। हल्द्वानी में हुई हिंसा ने बनभूलपुरा पर एक बड़ा कलंक लगा दिया। उपद्रवियों ने शायद इसका अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उनकी यह हिमाकत कितनी भारी पड़ जाएगी। तांडव मचा रहे युवाओं को बुजुर्ग रोकते रहे लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनीं। उपद्रव के दौरान कई लोगों की मौत हो गई। सैकड़ों पुलिसकर्मी व आमजन घायल हो गए और अब बनभूलपुरा की 70 हजार की जनता घरों में कैद होने के लिए मजबूर हो गई है। कर्फ्यू के दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र के लोग दूध, सब्जी और अन्य सामान के लिए भी तरस गए। क्षेत्र के मेडिकल स्टोर बंद होने से उन्हें दवा भी नहीं मिल सकी। रास्तों पर पुलिस का पहरा होने की वजह से लोग अस्पताल भी नहीं जा सके।

# कच्ची शराब समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने अलग-अलग स्थान से अवैध कच्ची शराब के दो तस्करों को दबोच कर तलाशी में उनके कब्जे से 102 पाउच (लगभग 50 लीटर) जहरीली शराब बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्करों का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में जानकारी मिली है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गशत पर थी इसी दौरान उसने विजय चुनरिया रिसोर्ट के पास से संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए भोगपुर डाम जसपुर निवासी रोशन सिंह पुत्र अरुण सिंह को शक के आधार पर दबोचकर तलाशी में उसके कब्जे से 33 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। इसी तरह जंगा रोड पर बाबा बालक नाथ मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध हरकतों में लिप्त एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर उसके कब्जे से 69 पाउच कच्ची शराब बरामद किया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम जंगा रोड कचनाल गाजी निवासी फुम्मन सिंह पुत्र सोरन सिंह बताया। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने पकड़े गए दोनों कच्ची शराब तस्करों का धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्तों को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया।

# एक लाख की स्मैक के साथ युवती को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अल्मोड़ा पुलिस ने एक और सफलता प्राप्त करते हुए एक लाख से अधिक कीमत की स्मैक के साथ युवती को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी के निर्देश पर अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा जगदीश चन्द्र देउपा के नेतृत्व में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस व प्रभारी एसओजी सुनील सिंह धानिक एवं प्रभारी एएनटीएफ सौरभ कुमार भारती के नेतृत्व में एसओजी/एएनटीएफ टीम ने संयुक्त चैकिंग के दौरान बेस हॉस्पिटल तिराहा के पास एक महिला फरहा अंसारी पुत्री सकील अंसारी निवासी नियाजगंज अल्मोड़ा के कब्जे से 13.10 ग्राम स्मैक व स्मैक बेचकर अर्जित धनराशि 5,870 रुपये और एक इलेक्ट्रानिक तराजू बरामद होने पर महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कोतवाली अल्मोड़ा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गयी। पुलिस टीमम में उपनिरीक्षक श्रीमती रिंकी सिंह, कांस्टेबल मो यामीन, राजेश भट्ट, विरेन्द्र बिष्ट आदि भी शामिल थे।

# सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में नए सत्र की अंग्रेजी कक्षाएं अप्रैल से

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस ने जुलाई 2011 में अपनी नींव रखने के बाद अब तक हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के अंग्रेजी परीक्षा में अनेक टॉपर्स दिए है। संस्थान से सभी टॉपर्स वर्तमान समय राजकीय तथा निजी विभिन्न विभागों में कार्यरत है।गरीब से गरीब छात्र-छात्राएं डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस, आर्मी (अग्निवीर) इत्यादि पदों पर सेवारत है। संस्था अध्यापक सुजीत का कहना है कि अच्छे मुकाम तक पहुंचने के लिए बेसिक से लेकर एडवांस की तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है यदि छात्र कम से कम 4 वर्ष इन कक्षाओं 9जी, 10जी, 11जी, 12जी में लगातार कठिन परिश्रम करता है तो उन्हें कॉलेज या विश्वविद्यालय प्रवेश व अध्ययन में कोई बाधा नहीं आयेगी व किसी भी प्रकार की कठिन कंपटीशन का सामना नहीं करना पड़ता है। नए सत्र 2024-25 की अंग्रेजी कक्षाएं अप्रैल माह से शुरू हो रही है।



# झुंझनू धाम से आई पावन ज्योत का भव्य स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। झुंझनू धाम राजस्थान से राणी श्री दादी जी की अखण्ड पावन ज्योत के गत सायं नगर आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा व जयघोषों के साथ भव्य स्वागत किया गया। पावन ज्योति को विश्राम के लिए ओमेक्स कालोनी ले जाया गया। पावन ज्योति को आगामी 22 फरवरी को श्री श्याम मंदिर गल्ला मंडी में स्थापित किया जायेगा। पावन ज्योति को ओमेक्स कालोनी निवासी नीरज अग्रवाल, आनन्द सुलतानिया, रवि अग्रवाल ससममान लेकर आये। इस दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रें से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पावन ज्योति के दर्शन किये । स्वागत करने वालों में कैलाश गर्ग, राजेश श्यामपुरिया, बलराम अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, महेश श्राफ, अजय बंसल, राजेन्द्र तुलसियान, सचिन अग्रवाल, नरेन्द्र बंसल, जितेन्द्र, चंदन अग्रवाल, हरि अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, सुरेश मित्तल, राधेश्याम गर्ग, सुशील तुलसियान, अभिषेक, गोपाल कृष्ण रूंगटा, पवन अग्रवाल, राजेश जिंदल, अमित बंसल, वेद प्रकाश, राजकुमारी तुलसियान, कुसुम तुलसियान, नीरू श्राफ, कुसुम अग्रवाल, राधा अग्रवाल, मुजू अग्रवाल व ललित झुनझुनवाला आदि शामिल थे।







# अल्मोड़ा में शुरू होगा विकास का नया आयाम : धामी

## मातृ शक्ति कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री,20213.60 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास







अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा के हवालबाग में आयोजित आजीविका महोत्सव में कुल 20213.60 लाख रू की योजनाओं का लोकार्पणएवं शिलान्यास किया जिनमें 11702.67 लाख रू0 की योजनाओं का लोकार्पण एवं 8510.93 लाख रू0 की शिलान्यास हैकार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवी शक्ति के स्वरूप 10 कन्याओं का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना कीकार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को पारित कर जनता से किया वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को देश एवं महिलाओं के विकास में मील का पत्थर कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोल्जू भगवान की पावन धरती अल्मोड़ा में आकर वें स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहे हैं। इतने बड़े जन सैलाब के द्वारा अल्मोड़ा से किए गए स्वागत के लिए उन्होंने अल्मोड़ा वासियों का अभिनंदन किया एवं धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब हमारे संकल्प में ऊर्जा भरने का काम करता है। उन्होंने कहा कि चंद राजाओं की भूमि सांस्कृतिक विशेषताओं को संजोए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां आर्गेनिक कृषि,दुग्ध विकास, एपन की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि इन विशेषताओं को गति देकर अल्मोड़ा में विकास का नया आयाम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका विकास सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मंत्र पर हमारी सरकार अग्रसर है। कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु 111 करोड़ रुपए के ऋण चेक महिलाओं को वितरित किएइस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जो घोषणायें की उनमें भतरौजखान में स्टेडियम का निर्माण, विकासखण्ड लगमड़ा के सर्वोदय इण्टर कालेज में 04 कक्षों का निर्माण कार्य, तिलोरा में सिंचाई पम्पिंग योजना, विकासखण्ड हवालबाग के समीप मिनी स्टेडियम का निर्माण, सल्ट के गुलमरा-गैरखेत मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं विकासखण्ड द्वाराहाट के ग्रामसभा सकुनी में शुक्रेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्वार का अवशेष कार्य हैइस दौरान सांसद अजय टम्टा ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के दौर में नई नई उपलब्धियां प्रदेश हासिल कर रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा अल्मोड़ा रमेश बहुगुणा, रानीखेत लीला बिष्ट, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, सल्ट महेश जीना, कपकोट सुरेश गड़िया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, राज्यांत्री शिव सिंह बिष्ट, महिला आयोग उत्तराखंड की उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा, अनिल शाही समेत अन्य पदाधिकारी जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन सिंह, द्वाराहाट सुनील राज समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विभु कृष्ण ने किया।







# दीदी भुलि हाथ लगाल,उत्तराखण्ड हौल अमृत काल

## सीएम धामी के रोड शो में उमड़े लोग,महिला उद्यमियों से किया संवाद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मातृ-शक्ति कार्यक्रम में अल्मोड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सीएम धामी का अल्मोड़ा में विशाल रोड शो...नगर में जुटा जन सैलाबआज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी मातृ-शक्ति को समर्पित दीदी-भुलि हाथ लगाल, उत्तराखण्ड हौल अमृत काल कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्मी हेलीपैड से अल्मोड़ा के ऐतिहासिक बाजार से होते हुए शिखर होटल अल्मोड़ा तक विशाल रोड शो में प्रतिभाग किया। अल्मोड़ा पहुंचने पर स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान रोड शो में हजारों की संख्या में अल्मोड़ा कि जनता ने जय श्री राम के जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत कियारोड़ शो के दौरान मुख्यमंत्री के साथ सांसद अजय टम्टा, विधायक कपकोट सुरेश गडियां, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाध्यक्ष भाजपा रानीखेत लीला बिष्ट भी मौजूद रहे, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट समेत अन्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रूलर बिजनेस इन्क्यूवेटर में 21 महिला उद्यमियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उज्जवला सहकारिता की अध्यक्ष कमला लटवाल ने सहकारिता के क्षेत्र में किये गये कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी मुख्यमंत्री को दी उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 98 लाख का टर्नओवर प्राप्त किया जिसमें से 10 लाख 15 हजार का लाभांश उन्हें प्राप्त हुआ। इस दौरान रूलर बिजनेस इन्क्यूवेटर आरबीआई से जुडी भवना शर्मा ने मुख्यमंत्री का पूरे प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने पर उन्हें बधाई दी। इस दौरान ललिता काण्डपाल ने मुख्यमंत्री को अपने द्वारा किये जा रहे मशरूम उत्पादन के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रबन्धक आरबी आई योगेश भट्ट ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा का 5 हजार लखपति दीदी बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था उसमें जनपद अल्मोड़ा समय से पूर्व अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जिला प्रशासन की टीम को बधाई की उन्होंने 111 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त किया है जो आजीविका महोत्सव 03 मे प्राप्त हुआ है इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री ने सभी सफल उद्यमी महिलाओं को बधाई देते हुये कहा कि जिस तरह से आपके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है उसी तरह आप काम करते रहिये और अन्य लोगों को भी आगे बढ़ाने का काम करते रहिए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने शिल्पकार गैलरी पहुँचकर अपने हाथों से शिल बट्टे में पहाड़ी पिसी नूण को पिसा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओ के लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया और लोगों को योजनाओं का मिल रहे लाभ की जानकारी ली । मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जो घोषणायें की उनमें भतरौजखान में स्टेडियम का निर्माण, विकासखण्ड लगमड़ा के सर्वोदय इण्टर कालेज में 04 कक्षों का निर्माण कार्य, तिलोरा में सिंचाई पम्पिंग योजना, विकासखण्ड हवालबाग के समीप मिनी स्टेडियम, सल्ट के गुलमरा-गैरखेत मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं विकासखण्ड द्वाराहाट के ग्रामसभा सकुनी में शुक्रेश्वर महादेव मन्दिर जीर्णोद्वार का अवशेष कार्य है।

# धामी ने शुरू किया गांव चलो अभियान

## लोहाघाट के सीमांत ग्राम ठाटा में रात्रि चौपाल में जन संवाद कर सुनी लोगों की समस्या

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गांव चलो अभियान के अंतर्गत लोहाघाट(चंपावत) के सीमांत ग्राम ठाटा में रात्रि चौपाल में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से जन संवाद कर उनकी समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आयुष्मान योजना लाए। जिसके अंतर्गत गरीबों को 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पहले पैदल चलकर जाना पड़ता था वहां आज गांव-गांव में सड़क पहुँच गयी है। उन्होंने कहा कि जनपद चंपावत को आदर्श जनपद बनाए जाने हेतु कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। ताकि यह जनपद राज्य के साथ- साथ पूरे देश में एक आदर्श जिले की मिसाल बने। आज उत्तराखण्ड को आदर्श बनाने हेतु चंपावत जिले से शुरुआत हुई है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री धामी ने ठाटा गांव के मां भगवती मंदिर में पूजा अर्चना कर जनपद व प्रदेश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने गांव में बने होमस्टे में आज रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों को स्वरोजगार का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद श्री अजय टम्टा, ग्राम प्रधान ठाटा मोहित पाठक आदि मौजूद थे।



# ट्रक की टक्कर से ट्रैफिक सिग्नल पोल हुआ क्षतिग्रस्त



रुद्रपुर (उद संवाददाता) । डीडी चौक पर देर रात ट्रैफिक सिग्नल के पोल को बेकाबू ट्रक ने मार दी। जिससे पोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही की रात का समय होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पोल को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। आनन फानन में मामले की जानकारी लालपुर चौकी पुलिस को दी गई। घटना की लालपुर चौकी को सूचना मिलते ही चौकी के पुलिसकर्मी सतर्क हुए और ट्रक और ड्राइवर को पकड़ लिया। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर उसे पूछताछ कर रही है।

# भाजपा को नई मजबूती देगा गांव चलो अभियान: शर्मा

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव के मद्देजन देश भार में चलाए जा रहे भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा रुद्रपुर विधानसभा के बूथ नंबर 180 से लाभान्वित लाभार्थियों से भी बात की साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जिन्हें आवास मिला है उनके आवासों का भी भ्रमण किया। समूह की महिलाओं किये जा रहे कार्यों एवं के वरिष्ठ नेता गांवों में प्रवास कर रहे हैं। यह अभियान पार्टी को नई मजबूती प्रदान करेगा और पार्टी का 400 पार का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का लाभ पार्टी के साथ साथ तैयारी में जुट गयी है। हर कार्यकर्ता को अब अपनी भूमिका का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में भाजपा लोकसभा की सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करेगी। प्रदेश





खानपुर पूर्व में बूथ समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक ली और कार्यकर्ताओं से केन्द्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आहवान किया। इस अवसर पर कांग्रेस छोड़कर आये कुछ लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई गयी। अभियान के तहत प्रदेश मंत्री शर्मा ने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं लखपति दीदी अभियान के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। आयुष्मान कार्ड द्वारा जिन लोगों ने अपना इलाज कराया उनसे भी मुलाकात की गयी। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि गांव चलो अभियान राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर देश भर में चलाया जा रहा है जिसके तहत मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और पार्टी आम जनता को भी मिलेगा। अभियान के अंतर्गत गांव गांव पहुंचकर लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री और मंत्रीगण गांवों में प्रवास करके वहां की समस्याओं का भी निस्तारण कर रहे हैं। शर्मा ने पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए जोर शोर से की जनता मुख्यमंत्री धामी के कार्यों से संतुष्ट हैं। सीएम धामी ने यूसीसी, नकल विरोधी कानून जैसे कई बड़े फैसले लेकर उत्तराखण्डवासियों को गौरवान्वित करने का काम किया है। आज उत्तराखण्ड तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट बूथ अध्यक्ष अपूर्ण शिखर महामंत्री जगदीश विश्वास विजय सिकदर आदि लोगों उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना आईटीआई में क्षेत्र की एक महिला ने गुलाबबाड़ी सूरजनगर थाना कटघर मुरादाबाद निवासी अरविंद कुमार पुत्र राम अवतार पर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376/506 आईपीसी व 5/6 पोक्सो एक्ट में पंजीकृत किया। मामले की विवेचना पनिरीक्षक सुप्रिया नेगी को सौंपी गयी। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम का गठन कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। गठित पुलिस टीम ने आरोपी अरविंद कुमार पुत्र राम अवतार को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश किये जाने के बाद उसे उप कारागार हल्द्वानी दभेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आईटीआई प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसआई सुप्रिया नेगी,हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह आदि शामिल रहे।

# घात लगाकर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के आगे खड़े व्यक्ति पर कुछ लोगों ने घात लगाकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आकाश भण्डारी पुत्र विजय बहादुर भण्डारी निवासी ग्राम दानपुर का कहना है कि वह 9 फरवरी की शाम अपने घर के आगे खड़ा हुआ था। तभी पहले से उसके घर आगे घात लगाये बैठे लोगों ने उसे देखते ही जान से मारने की नियत से धारदार हाथियार से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे उसके मुंह व सिर पर खुली चोट आयी है। वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागा। आकाश का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। जिससे उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है।

# शिविर में मरीजों का हुआ नि:शुल्क परीक्षण

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।उमंग सामाजिक सेवा समिति की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं हड्डी जोड़ रोग तथा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन द्वारका फार्म हाउस भूरारानी में किया गया। जिसका शुभारंभ संस्था के संरक्षक बलदेव राज छाबड़ा, सीताराम अरोड़ा, अध्यक्ष जगतार सिंह गिल, संगठन सचिव उमेश कुमार सिंह, सचिव भारत भूषण चुघ और संयुक्त सचिव कैलाश गिरी ने किया ।उन्होंने बताया कि इस चिकित्सा शहर में महाराजा अग्रसेन अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर नूतन जैन, डॉक्टर नवीन अग्रवाल, डॉक्टर मनीष शुक्ला रोगियों का परीक्षण कर उनका



उपचार करेंगे ।उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं ताकि उनका लाभ जनता को मिल सके। शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के तमाम लोगों ने अपना उपचार कराया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस मौके पर सीनियर आयुर्वेदिक कंसलटेंट एवं क्षार सूत्र विशेषज्ञ डॉक्टर पवन कक्कड़, राज कोली, डॉक्टर सुधा यादव, पार्वती, सोनिया आदि लोग मौजूद थे।



# लाभार्थियों को बांटे आर्थिक सहायता के चेक

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता चेक वितरित किये। इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा ने जरूरतमंदों को चेक वितरित किये थे, वही आज 38 लोगों को आर्थिक चैक वितरित किये जिसमे बीमारी के इलाज, कन्या विवाह हेतु आर्थिक सहायता चैक सौंपे गये। चेक पाने वालों में रूद्रपुर विधानसभा के कृष्णा कालोनी, रम्पुरा, खेड़ा, शिव नगर,आजाद नगर, जाफरपुर, बागवाला, आदर्श कॉलोनी, प्रीत बिहार, व अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल रहे। विधायक शिव अरोरा ने कहा विधायक बनने के बाद उनका प्रयास रहा है कि हर जरूरत मंद जो आर्थिक रूप से कमजोर है जो अपना इलाज नही करवा सकता ,



उनको मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। जिससे उस गरीब परिवार को मदद हो सके, इसके चलते समय समय पर विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रो के लोग इससे लाभान्वित होते रहते हैं, इसमें कन्या विवाह, बीमारी इलाज हेतु चौक बाटे गये। इस दौरान भाजपा नेता धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, सोनू अनेजा, राधेश शर्मा, शिवकुमार गंगवार, निमित शर्मा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, रोबिन विश्वास, नमन चावला, राजेन्द्र राठौड़, मदन दिवाकर, दीपक दिवाकर, गुरबाज सिंह, नन्दलाल शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहें।

# चार्जिंग पर लगा ई रिक्शा चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नारायण कालोनी ट्रांजिट कैंप से अज्ञात व्यक्ति घर में चार्जिंग पर लगा टुकटुक चोरी कर ले गया। हरीश पाल पुत्र राम प्रसाद पाल निवासी नायारण कालोनी मोदीपुरम कालोनी, वार्ड तीन ट्राजिंट कैम्प का कहना है कि 8 फरवरी को वह लेवर लेकर शादी में गया था। मध्य रात्रि अपने घर पर आ गया और अपना टुक टुक चार्जिंग पर लगा दिया और सोने के लिए चला गया। उसका कहना है जब सुबह उठकर देखा तो उसका टुक टुक संख्या यूके 04 ईआर 2034 गायब था। वह उक्त टुकटुक को किराये पर चलाता था। जो कि केके इंटरप्राइसेस का था। टुक टुक की काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चला।

# आरएएन स्कूल में समर्पण समारोह धूमधाम से संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में सत्र 2023-24 के बोर्ड परीक्षार्थियों को आशीर्वाद देते श्रीमती मधु राय, प्रबंधक मोहित राय, प्रशासिकाश्रीमती निधि राय, प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा दीप लगन से परीक्षाओं का सामना करने हेतु उत्साहित किया गयाद्य विद्यालय प्रबंधक मोहित राय ने अपने संबोधन में उन्हें सदाचारी व्यक्ति बनने के लिए प्रेरित किया। सभी उपस्थित अध्यापक करने में बच्चों के उज्जवल भविष्य की





हुए समर्पण समारोह धूमधाम से मनाया गया। मां सरस्वती के समक्ष विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय , प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसमें अध्यापकों द्वारा बच्चों को संयत रहकर, सूझबूझ, धैर्य, निष्ठा, सच्चाई के मार्ग पर चलकर अपने देश का, अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए एक सभ्य कामना मंगल कामना की। इस प्रकार अंत में प्रसाद वितरण के साथ राष्ट्रीय गान करते हुए कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सास, ससुर और जेठ पर लगाया मारपीट का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम निवासी एक महिला ने अपने सास, ससुर और जेठ पर मारपीट कर धमकी देने तथा जेठ पर बदनीयती रखने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि 10 फरवरी की रात्रि उसके जेठ व सास ने जबरदस्ती घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की एवं छोटे बेटे को जान से मारने का प्रयास किया। जेठ के पास तंमचा व राईफल भी है। आरोप है उसका ससुर धमकी दे रहा कि सोते समय गोली मारूंगा। पीड़िता का कहना है कि उसे घर में अकेला पाकर उसका जेठ गलत नियत से घर में घुस गया। शोर मचाने पर उसने उसे तथा उसके पति को गोली मारने की धमकी दी।जेठ कच्ची दारू का अवैध कारोबार करता है।

# शिक्षिका नेहा चौहान को दी भावभीनी विदाई

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) । राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुजिया में विद्यालय प्रबन्ध समिति द्वारा शिक्षिका नेहा चौहान की विदाई ढोल नगाड़ों के साथ की गयी। इस दौरान सभी की आंखे नम हो गयी। समारोह की शुरुआत नेहा चौहान ने केक काटकर की। विद्यालय परिवार की ओर से शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। तत्पश्चात नेहा चौहान के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आज तक के सफर का प्रसारण टीवी के माध्यम से




किया गया जिसको देखकर सभी बच्चे अभिभावक एवं उपस्थित सारे लोग भावुक हो गए।कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक तापस चंद्र मिस्त्री, सहायक अध्यापक नेहा चौहान के बारे में उनकी विद्यालय के प्रति समर्पण भाव और अब तक के योगदान के बारे में बताते हुए कहा कि इस तरह की समर्पित शिक्षिकाएं अगर हर विद्यालय में हो तो सरकारी विद्यालयों की छवि परिवर्तित हो जाए। विदाई समारोह में संगीता के नेतृत्व में बच्चों ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बोलते हुए अध्यक्ष श्रीमती उषा मधुने विद्यालय के प्रति उनकी योगदान के लिए उनकी प्रशंसा की और उन्हें नए विद्यालय के लिए शुभकामनाएं दी। श्रीमती शर्मिला ,अनीता जानकी उनके साथ बिताए हुए पल को याद करते हुए भावुक हो गए। अंत में ढोल नगाड़ों के साथ नेहा चौहान को विदाई दी गयी। विदाई के समय सबकी आंखें नम हो गई। कार्यक्रम में पूर्व एसएमसी अध्यक्ष कृष्ण यादव, मीरा सरकार, बसन्ती पाण्डे ,राधिका, कंचन, कल्याणी, शिल्पी, रीता, कविता,मीरा सरकार, बसन्ती पाण्डे,राधिका, कंचन, कल्याणी, शिल्पी, रीता, कविता, अर्पणा, सुषमा, संगीता, शीला, गीता, पुष्पा, बेबी, नरेश,वीके पेंटर सहित कई लोग मौजूद थे। अर्पणा, सुषमा, संगीता, शीला, गीता, पुष्पा, बेबी, नरेश, वीके पेंटर सहित कई लोग मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

गदरपुर( उद संवाददाता)। मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए वार्ड नंबर 7 के आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय पर महिलाओं को आवश्यक मतदान हेतु संकल्प करवाया गया। वार्ड नंबर 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय की कार्य कर्ती



गीता सक्सेना ने बताया कि आवश्यक मतदान हेतु आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत महिलाओं के अलावा अन्य महिलाओं की एक बैठक कर उन्हें मतदान हेतु संकल्प करवाया गया। इस मौके पर वार्ड नंबर 7 की तमाम महिलाएं शामिल थी।

उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## दुश्मनी की त्रासदी

मुंबई में फेसबुक पर सीधे प्रसारण के दौरान शिवसेना (यूबीटी) के एक पूर्व विधायक के बेटे की जिस तरह गोली मार कर हत्या कर दी गई, वह अपने आप में एक दहला देने वाली घटना है। इसमें हत्या करने वाले व्यवसायी ने खुद को भी गोली मार कर खुदकुशी कर ली। इसलिए यह मामला बेहद उलझ गया लगता है।हालांकि शुरुआती जांच के मुताबिक दोनों में लंबे समय से निजी दुश्मनी थी और इसी प्रतिद्वंद्विता में उनके बीच पहले भी टकराव हो चुके थे, मगर वह एक-दूसरे के लिए परेशानी पैदा करने तक सीमित था। कुछ समय पहले दोनों के बीच सुलह हो गई थी और उन्होंने अपने इलाके के हित के लिए मिल कर काम करने की घोषणा की थी।मगर ताजा घटना से यह साफ है कि पहले की दुश्मनी इस हद तक थी और उसकी जड़ें इतनी गहरी थीं कि फेसबुक पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की यह त्रासद घटना हुई। संभव है कि इस वाकये की जांच में कुछ प्रत्यक्ष कारणों से इतर कुछ और वजहें भी सामने आएं, मगर इतना साफ है कि मरने वाले दोनों लोगों के बीच संबंधों में जैसी तल्खी थी, उसका अंजाम कुछ भी हो सकता था।हालांकि राजनीति की दुनिया में कब आपसी टकराव दुश्मनी की शक्ल ले ले या फिर आम लोगों को चौंकाते हुए सुलह सामने आ जाए, कहा नहीं जा सकता। हाल ही में महाराष्ट्र के ही उल्हासनगर में एक भाजपा विधायक और उसके एक साथी ने जमीन विवाद की वजह से एकनाथ शिंदे के गुट वाले शिवसेना के एक नेता पर पुलिस थाने के भीतर गोलीबारी कर दी थी।इस तरह की आपराधिक घटनाओं को अब जिस तरह बिना किसी हिचक के सार्वजनिक रूप से अंजाम दिया जा रहा है, उससे लगता है कि कानून-व्यवस्था का खौफ खत्म हो गया है। सोशल मीडिया पर बातचीत के सीधे प्रसारण के दौरान हत्या की घटना यह बताती है कि जब दुश्मनी का रूप बेहद जटिल हो जाता है, तब शायद बहुत सोच-समझ कर ऐसा तरीका आजमाया जाता है, जो व्यापक पैमाने पर लोगों पर असर डाले। अपराध की यह बदलती प्रकृति सरकार और पुलिस-प्रशासन के लिए एक चुनौती है कि इनसे कैसे निपटा जाए। मगर कानून का खौफ कायम कर अपराध की रोकथाम भी संभव है।

# सनातक सांस्कृतिक लोक की पुस्तकों में बढ़ती प्रस्तुति

इस साल विश्व पुस्तक मेले में सनातन संस्कृति की बहुभाषी जीवंतधारा बहती दिखाई दे रही है। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में पुस्तकें भी राममय या सनातन संस्कृति को अभिव्यक्त कर रही हैं। चूंकि मेला राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भरना था, इसलिए इसका विषय भी 'बहुभाषी भारत: एक जीवंत परंपरा' रखा गया है। सनातन संस्कृति और भारत के साथ विश्व वैभव के प्रमाण पहली बार संस्कृत में लिखे ऋग्वेद में मिलते हैं। ऋग्वेद ही भारत के सांस्कृतिक-ऐतिहासिक वैभव और सभ्यता का मूल स्रोत है। इसे दुनिया की सबसे प्राचीन पुस्तक होने का दर्जा प्राप्त है। इसकी अगली कड़ियों में वाल्मीकि रामायण, उपनिषद्, महाभारत और पुराण आते हैं। पंचतंत्र और जातक कथाएं लोक की प्राचीन प्रस्तुतियां हैं। भारतीय सांस्कृति इतिहास, भुगोल कथाओं एवं महाकाव्यों का एक अकर्षक बहुरूप दर्शक है, जिसमें प्रत्येक भारतीय भाषा के लोक-रंग जुड़े हुए है। मेले में बहुभाषी भारत की इसी जीवंत परंपरा का प्रदर्शन पांच मंडपों में किया गया है। जिसमें देश-विदेश के बड़ी संख्या में प्रकाशन संस्थानों ने भागीदारी की हुई है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, दिल्ली के प्रगाति मैदान में इस मेले का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। 1972 मेले की शुरूआत हुई थी। तब से लेकर अब तक यह मेला दर्शक संख्या की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा मेला है। 2023 में यह मेला 40,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में लगा था, जिसमें 35 से अधिक देशों की 18,000 दुकानें लगी थीं। 12 लाख पुस्तक प्रेमियों ने शिरकत की थी। इस बार मेले का क्षेत्रफल 50,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विस्तृत कर दिया है। इसमें 40 से ज्यादा देशों के 2000 प्रकाशकों ने अपनी दुकानें लगाई हैं। बावजूद हिंदी पुस्तकों को ज्यादा से ज्यादा पाठकों तक कैसे पहुंचाया जाए, यह प्रश्न अपनी जगह मौजूद रहेगा। दरअसल बड़ी संख्या में हिंदी भाषी होने के बावजूद अधिकांश में पुस्तक पढ़ने की आदत नहीं है। इस दृष्टि से पुस्तक पाठक तक पहुंचाने और पढ़ने की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है। हालांकि बदलते परिवेश में जहां ऑनलाइन माध्यम पुस्तक को पाठक के संज्ञान में लाने में सफल हुए हैं, वहीं ऑनलाइन बिक्री भी बढ़ी है। इसके इतर गीता प्रेस गोरखपुर ने दावा किया है कि उनकी प्रत्येक दिन करीब 1 लाख पुस्तकें बिकती हैं। इससे यह पता चलता है कि हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं के खरीददारों की कमी नहीं हैं, बशर्ते पुस्तकें धर्म और अध्यात्म से जुड़ी हों। यही वजह है कि इस समय देश में पौराणिक विषयों पर लिखी पुस्तकों की बिक्री में तेजी आई



हुई है। इसीलिए मेले की थीम का विषय बहुभाषी भारत: एक जीवंत परंपरा उचित है। सभी भाषाओं में ऋग्वेद, रामायण और महाभारत के पात्र और कथानकों पर हजारों साल से निरंतर लिखा जा रहा है। सच पूछा जाए तो यही वह कालजयी साहित्य है, जो भारतवासियों के प्राणों में चेतना का संचार करते हुए जीवंत बना हुआ है। भारत में जितने भी नैतिक मूल्य और रिश्तों में भरोसा कायम है, उसका आधार इन्हीं ग्रंथों की मूल भावना है। पुस्तकों के विस्तार के लिए निरक्षर लोगों को साक्षर करना भी जरूरी है। साक्षरता के तमाम अभियान चलाने के बावजूद बमुश्किल सत्तर प्रतिशत आबादी ही साक्षात हो पाई है। हालांकि आजादी के पहले जब देश की बड़ी आबादी निरक्षर थी, तब पुस्तकों की 25-25 हजार प्रतियां छपती थीं, जबकि अब पहले संस्करण में 250 से एक हजार पुस्तकें ही छपती हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि पाठक संख्या सीमित हो रही है। ऐसा टीवी चौनलों पर धारावाहिकों का सिलसिला 24 घंटे चलने और सोशल मीडिया के हस्तक्षेप से भी हुआ है। मोबाइल ने भी पाठक की पुस्तकों से दूरी बनाई है। इनमें ज्यादातर ऐसी सामग्री है जो समाज को कुंठित और हृदयहीन बना रही है। शिक्षा में अंग्रेजी माध्यम और अंग्रेजी प्रभाव के चलते भी हिंदी पुस्तकों की बिक्री प्रभावित हो रही है। हिंदी और भारतीय भाषाओं का प्रश्न राष्ट्रीयता से जुड़ा है, इसलिए इसे अकेली सरकार पर नहीं छोड़ा जा सकता। समाज को पुस्तकें पाठक तक पहुंचाने के लिए निजी स्तर पर प्रयत्न करने होंगे। इस लिहाज से जरूरी है कि जन्मदिन, शादी समारोह और अन्य मांगलिक अवसरों पर लोग पुस्तकें भेंट करने का सिलसिला शुरू करें। हिंदी पुस्तकों की स्थिति प्रकाशकों की उदासीनता के चलते भी निराशाजक रही है। ज्यादातर प्रकाशक पाठक तक पहुंचने की कोशिश नहीं करते। उनका भरोसा बड़े सरकारी संस्थानों की खरीद पर ही टिका है। इस कारण संसाधनों में सेवारत विद्वान और अधिकारियों की पसंद की पुस्तकें छापने में भी प्रकाशित दिलचस्पी लेते हैं। किंतु ये पुस्तकें रुचिकर नहीं होती हैं। इसके उलट बांग्ला, मराठी और गुजराती भाषाओं की स्थिति आज भी हिंदी से बेहतर है। इन भाषाओं में पहला संस्करण आज भी 5000 की संख्या में छापे जा रहे हैं। हालांकि अंग्रेजी के अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के हिंदी में आने के बाद स्थिति बदली है। इन प्रकाशकों ने साहित्य की गंभीर पुस्तकों के अलावा लोकप्रिय साहित्य भी छापने का सिलसिला शुरू किया है। साथ ही अंग्रेजी के लोकप्रिय भारतीय साहित्य के हिंदी अनुवादों का भी प्रकाशन किया है। मिथक माने जाने वाले पौराणिक साहित्यिक कृतियों को ये प्रकाशक खूब छाप रहे है। इनकी बिक्री भी खूब हो रही है। यह वही पुराण और इतिहास से जुड़ा साहित्य है, जो आचार्य चतुरसेन शास्त्री, गुरूदत्त, डॉ वृंदावन लाल वर्मा, नरेंद्र कोहली, रामकुमार भ्रमर, मदनमोहन शर्मा 'शाहीं', मनु शर्मा और प्रमोद भार्गव ने लिखा है। इस कालजयी साहित्य को वामपंथियों ने स्वीकारने के बजाय नकारने का काम किया। इस कुटिल मानसिकता के चलते हिंदी के कई नामी प्रकाशक केवल वामपंथ से जुड़ा नीरस और अपठनीय साहित्य छापते रहे। जबकि विदेशी प्रकाशकों ने इन्हीं पौराणिक किरदारों पर देवदत्त पटनायक, अमीश त्रिपाठी, चेतन भगत, आनंद नीलकंठ, प्रमोद भार्गव और अशोक बैंकर की किताबों को छापा और कई-कई संस्करण बेचे। हालांकि इनका अनुकरण करते हुए हिंदी प्रकाशकों को बुद्धि आई और उन्होंने भी तमाम लेखकों की पुस्तकों के पेपरबैक संस्करण निकाले। इन किताबों में मदनमोहन शर्मा 'शाहीं' की 'लंकेश्वर' महंगी होने के बावजूद खूब बिक रही है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय प्रकाशक मंजुल, पेंगुइन, हार्पर कॉलिंस, वेस्टलैंड पुस्तक के सुदंर कलेवर के साथ विक्रय की प्रचार संबंधी रणनीतियों के चलते ज्यादा से ज्यादा पाठकों को आकर्षित कर रहे है। लोकप्रिय लेखन और उसे पाठक तक पहुंचाने का फायदा यह है कि बाद में पाठक गंभीर साहित्य पढ़ने में भी रुचि लेने लगते हैं। अस्सी के दशक तक हिंदी में ऐसा ही था। गुलशन नंदा, कुशवाहा कांत, रेणु और भ्रमर की लोकप्रिय पुस्तकों की लत पाठक को लग जाती थी, तो फिर वह प्रेमचंद, फणीश्वर नाथ रेणु, भगवतीचरण वर्मा, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर आदि साहित्यकारों को भी पढ़ने लगते थे। हाल ही में एक समाचार एजेंसी की सुखद खबर आई है कि हिंदी पुस्तकों की मांग ऑनलाइन भी खूब बढ़ रही है। अभी तक इस संदर्भ में अंग्रेजी पुस्तकों का ही बोलबाला था। यह शायद पहला अवसर है जब हिंदी पुस्तकों की ई-खरीद में बढ़त दर्ज की गई है। पिछले छह माह में यह वृद्धि 60 प्रतिशत दर्ज की गई है। इससे ज्ञात होता है कि अंग्रेजी के वर्चस्व और प्रौद्योगिकी के बीच भी हिंदी खूब फल-फूल रही है। कहना नहीं होगा कि हिंदी के वास्तविक हित चिंतकों के लिए यह खबर सुखद आश्चर्य के साथ गौरवान्वित करने वाली है। ऑनलाइन अमेजन, हिंदी बुक सेंटर और फ्लिप कार्ड के जरिए खूब हिंदी पुस्तकें खरीदी जा रही हैं। अप्रैल 2014 में ऑनलाइन हिंदी बुक स्टोर की स्थापना करने वाले अमेजन का दावा है कि यह मांग आगे भी और बढ़ने वाली है। पुस्तकों की ई-बिक्री से फायदा यह हुआ है कि कस्बा और तहसील व जिला मुख्यालयों के पाठक भी अपनी रुचि की पुस्तक आसानी से मंगाने लगे हैं। ज्ञातव्य है कि शिक्षा से लेकर करियर के हर क्षेत्र में अंग्रेजी के बोलबाले के बीच हिंदी पुस्तकों की यह मांग उसकी प्रासंगिकता और महत्व को रेखांकित करती है। दरअसल भारतीय संस्कृति इसलिए अनूठी व अद्वितीय है क्योंकि इसमें धर्म और भाषा के साथ खान-पान, रहन-सहन और पर्यावरण संबंधी विविधताएं भी मौजूद हैं। आदिवासी जनजीवन से जुड़ी सांस्कृतिक बाहुलता भी है। इसलिए भारत में आध निकता का ढोल चाहे जितना पीटा जाए, उसका अतीत कभी व्यतीत नहीं होता। वैसे भी हमारी संस्कृति में वेद, उपनिषद्, पुराण, रामायण और महाभारत ऐसे ग्रंथ हैं, जो दुनिया की किसी भी साहित्य और संस्कृति में नहीं है। इनके किरदारों की गाथाएं पाठक नए संदर्भों और शब्दावली में पढ़ना चाहते है। नरेंद्र कोहली की रामकथा और मदनमोहन शर्मा 'शाहीं' का लंकेश्वर इसीलिए लोकप्रिय बने हुए हैं। पुरातन भारतीय साहित्य की एक विलक्षणता यह भी है कि उसमें अनेकता के रूप विद्यमान है। ऐसा दुनिया के अन्य किसी देश और भाषा के साहित्य में नहीं है।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# यूसीसी एक्ट की नियमावली का बनेगा ड्राफ्ट, कमेटी गठित

देहरादून। समान नागरिक संहिता का विधेयक एक्ट बनने के बाद सफलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रदेश सरकार ने नियमावली ड्राफ्ट बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें चार पदेन सदस्य हैं। समिति यूसीसी की कई प्रक्रियाओं, सक्षम स्तर के प्राधिकारियों एवं प्रस्तावित अधिनियम के प्रावधानों को सुगमता से लागू करने के लिए तथ्यों का समावेश करेगी। विशेष सचिव गृह रिधिम अग्रवाल ने समिति के गठन के आदेश जारी किए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एक्ट बनने के बाद यूसीसी को प्रदेश में जल्द से जल्द लागू करना चाहती है। जब तक विधेयक मंजूरी की प्रक्रिया से गुजरेगा, उस अवधि तक सरकार इसकी नियमावली भी तैयार कर लेना चाहती है। नियमावली का ड्राफ्ट मिलने के बाद सरकार को यूसीसी एक्ट लागू करने में आसानी होगी। पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह नौ सदस्यीय समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। समिति में अपर सचिव न्याय सुधीर सिंह, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण बरिंदरजीत सिंह, दून विवि की कुलपति सुरेखा डंगवाल और सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ सदस्य हैं। इनके अलावा अपर सचिव कार्मिक, अपर सचिव पंचायती राज, अपर सचिव, शहरी विकास और अपर सचिव वित्त समिति में पदेन सदस्य बनाए गए हैं। समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड 2004 विधेयक विधानसभा से पारित हो चुका है। विधेयक राजभवन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह अधिनियम बन जाएगा। विधानसभा से पारित विध ेयक (अधिनियम) जरूरी नहीं कि अपने आप में एक पूर्ण संहिता हो, इसलिए अधिनियम के लागू करने की प्रक्रियाओं को परिभाषित करने के लिए नियम बनाने की आवश्यकता होती है। नियम प्रक्रियात्मक कानून प्रदान करते हैं। नियम आवश्यक हैं, क्योंकि कानून के लिए प्रत्येक विवरण को एक ही अधिनियम में शामिल करना बहुत जटिल है, जिससे यह लंबा हो जाता है, इसलिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में नियमों का एक अलग सेट बनाया जाता है।

## सर्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बन्खण्डी फेस-1,फुलसुंगा, पो0-ट्रांजिट कैम्प,तहसील रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर स्थित प्लाट जिसे धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री फूल चन्द्र पता वार्ड नं.02 कृष्णा कालोनी पो0 ट्रांजिट कैम्प,रूद्रपुर ने रमेश गौतम पुत्र श्री अदालत से क्रय किया था जो कि वर्तमान में धर्मेन्द्र कुमार पुत्र श्री फूल चन्द्र के नाम पर ही दर्ज है। उक्त प्लाट की पुरानी मूल रजिस्ट्री जिसकी पैमाईशी 30 X60 फिट, खेत नं.19 व प्रा0 प्लॉट नं0-12, क्रमांक सं0-3585, जिल्द 302/473, पृष्ट सं0-258/229-232 जो कि दिनांक-10/12/2008 को रमेश गौतम के नाम पर दर्ज थी,वास्तव में कहीं गुम हो गई। जिसकी सूचना थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस को दे दी गई हैं। धर्मेन्द्र कुमार ने चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाइनेन्स कम्पनी लिमि की शाखा रूद्रपुर से उक्त भूखण्ड पर लोन का लाभ उठाते हुये उक्त सम्पत्ति मूल दस्तावेज को कहीं खो दिया गया है। उक्त गुम रजिस्ट्री का किसी अन्य के द्वारा प्रयोग पूर्णत: गैर कानूनी होगा। यदि उपरोक्त रजिस्ट्री किसी को मिलती है तो इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

-श्री मनोज सिंह बिष्ट, अधिवक्ता कार्यालय हॉल नं06, ऊपरी मंजिल दुर्गा सिटी सेन्टर, हल्द्वानी (नैनीताल) संपर्क नं0-9759228288, 9412128233

# चौधरी चरणसिंह और कॉंग्रेस

1960 के दशक में कॉंग्रेस में एक कामराज योजना आयी थी जिसका उद्देश्य था नेहरू और उसके परिवार को राजनीतिक सुरक्षा प्रदान करना ! 1962



में चीन से युद्ध मे हार के बाद नेहरू अलोकप्रियता की सीढ़ियां चढ़ रहा था और कॉंग्रेस के अंदर नए नेतृत्व की सुगबगाहट थी तो नेहरू ने अपने विश्वासपात्र तत्कालीन कॉंग्रेस अध्यक्ष के साथ साजिश कर नए नेतृत्व को रोकने के लिए एक कातिल योजना की साजिश रची जिसे कामराज योजना का नाम दिया गया जिसमें लालबहादुर शास्त्री से लेकर चंद्रभान गुप्ता जैसे लोगों का इस्तीफा लिया गया , गुप्ता जी के बाद चौधरी चरणसिंह ही मुख्यमंत्री बनने चाहिए थे लेकिन उन्हें दर किनार कर एक गैरराजनीतिक और अनजान महिला सुचेता कृपलानी को उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया गया। 1967 के आम चुनावों के बाद सुचेता कृपलानी लोकसभा के लिए चुनी गई चौधरी साहब को मुख्यमंत्री बनने की चर्चा शुरू हुई तो कॉंग्रेस हाईकमान ने फिर सी बी गुप्ता जी को मुख्यमंत्री बना दिया उनपे अधिकारों का लगातार होते अतिक्रमण से व्यथित हो कर चौधरी साहब ने एक अप्रैल 1967 को कॉंग्रेस से इस्तीफा दे दिया उनके साथ 29 कॉंग्रेस विधायकों ने भी कॉंग्रेस छोड़ दी और एक नए राजनीतिक दल भारतीय क्रान्ति दल का उदय हुआ उस वक्त जनसँघ और सँयुक्त सोशलिस्ट पार्टी ने चौधरी साहब को सरकार बनाने के लिए समर्थन दिया उनकी सरकार 1968 तक ठीकठाक चलती रही लेकिन कांग्रेस ने एक बार फिर साजिश रच कर उत्तरप्रदेश में व्यापक स्तर पर दलबदल करवा कर सरकार गिरवा दी जिसका मुख्य कारण ये भी था कि उनके मुख्यमंत्री बनते ही उत्तरप्रदेश में गन्ने और अन्य जिंसों के दाम किसानों को बहुत ज्यादा मिले, चौधरी साहब लोकपप्रियता की तरफ लगातार बढ़ रहे थे जो कॉंग्रेस को बर्दाश्त नहीं हुआ। 1969 में कॉंग्रेस में विभाजन हो गया जिस पर कॉंग्रेस ने सी बी गुप्ता वगैरा का मुकाबला करने के लिए भारतीय क्रांति दल के साथ चौधरी साहब की अगुवाई में सरकार बनाना मन्जूर किया लेकिन इन्दिरा गांधी ने कॉंग्रेस विभाजन से उबर कर मजबूती पाने के बाद उनकी सरकार से हिमायत वापस लेकर सरकार गिरा दी , आज चौधरी साहब को भारतरत्न से विभूषित होने के बाद उन्हें अपना बता रही है जबकि ऐतिहासिक सत्य ये है कि 1971 के लोकसभा चुनाव में चौधरी साहब को हराने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी के विजयपालसिंह को समर्थन दिया और मुजफ्फरनगर से उन्हें चुनाव हरवा दिया ये चौधरी साहब के प्रति प्रेम की और क्रूर कथा है , 1978 केंद्र में जनता पार्टी सरकार आपसी कलह का शिकार हो गयी कॉंग्रेस ने नई सरकार बनाने के लिए चौधरी साहब को समर्थन दिया और 28 जुलाई 1979 को देश के पाँचवे प्रध ानमंत्री बन गए उनके प्रधानमंत्री बनने पर देश का किसान अत्यंत ही प्रफुल्लित था चौधरी चरणसिंह की बढ़ती लोकपप्रियता कॉंग्रेस को अपने लिए खतरनाक महसूस होने लगी जिस पर कॉंग्रेस ने सरकार गठन के दस दिन बाद ही उनकी सरकार गिरा दी ! आज मरणासन्न अवस्था मे पड़ी कॉंग्रेस हर विपक्षी दल हर जाति और हर दिवंगत नेता की चिरौरी कर अपना खोया वजूद हासिल करने के लिए प्रयासरत है । चौध री साहब को भारतरत्न मिलने की खुशी कॉंग्रेस के लिए एक मजबूरी है एक हताशा है, एक रस्म अदायगी भर है दिल से तो कॉंग्रेस उन्हें हमेशा सिर्फ एक जाति विशेष का नेता कह कर बदनाम करती रही ह।

**-सुभाष छाबड़ा, लोकतंत्र सेनानी**

# पति की मौत होते ही पांच बच्चों की मां ने प्रेमी संग रचाई शादी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति की मौत के तीन दिन बाद ही पांच बच्चों की मां अपने बच्चों को सास के पास छोड़कर प्रेमी संग भाग गई और उससे शादी कर ली। सास ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। निकटवर्ती ग्राम की निवासी विधवा का कहना है कि उसके पुत्र की एक महीने पहले अचानक तबयत खराब हो जाने की वजह से मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के 3 दिन बाद उसकी बहूअपने 5 बच्चों को घर पर छोड़कर भाग गई। काफी खोजबीन करने के बाद अब पता लगा कि बहू बहेड़ी निवासी एक व्यक्ति के साथ भागी है। जिसने उससे शादी कर ली है। बहु के 5 बच्चों को वह पाल रही है। बहु की बहन उसको जान से मारने एंव उसके घर को हड़पने की धमकी दे रही है। पीड़ित महिला ने पुलिस से अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

# उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षाविदों को किया सम्मानित

देहरादून( उद संवाददाता)।भारत ज्ञान समागम में देशभर के 20 राज्यों के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और 400 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों एवं शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षाविदों को सम्मानित किया और समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया।कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए कोर विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस समारोह के आयोजन से हमारे समाज एवं ज्ञान-विज्ञान को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की उपलब्धियों का सच्चा प्रतिबिम्ब उस देश में स्थित शिक्षण संस्थान होते हैं। भारत की समृद्धि में हमारी समृद्ध शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का यह सही समय है जब उन्हें अध्ययन, अनुसंधान और समर्पण के माध्यम से आगे बढ़ना है। यह समय हमें अपने विश्वविद्यालयों को तराशने और उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्चतर मानकों और दर्शनों के साथ मिलाकर उन्हें विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थानों में बदलने का समय है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी।राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा ग्रहण कर रहे हमारे युवाओं का भविष्य संवारने में विश्वविद्यालयों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे कुशल युवाओं को तैयार करें जो रोजगार ढूंढनें वाले न हों बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले हों। उन्होंने कहा कि इन्हीं युवाओं के बलबूते हम विश्व गुरू और विश्व भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षकों की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे आने वाली अमृतकाल की पीढ़ी के युवाओं को अपने अनुभवों से तराशें। उन्होंने शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे अपनी ज्ञान गंगा से भारत को नई ऊँचाईयों में ले जाने में अपनी सहभागिता दें।राज्यपाल ने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन सशक्त एवं समृद्धशील भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस कार्यक्रम में जाने माने अन्तर्राष्ट्रीय लेखक व प्रेरक वक्ता शिव खेड़ा, लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जे.एम. एस राणा ने भी अपने वक्तव्य रखे। इस अवसर पर कोर विश्वविद्यालय के चांसलर जे.सी जैन, संस्थापिका सुनिता जैन, प्रो वाइस चांसलर श्रेयांश जैन सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।



# मूल निवास और सशक्त भूकानून के लिए निकाली स्वाभिमान रैली

चमोली (उद संवाददाता)।मूल निवास और सशक्त भूकानून लागू करने की मांग को लेकर मूल निवास-भूकानून समन्वय समिति के आह्वान पर नई टिहरी में स्वाभिमान रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग पहुंचे। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी सहित कई राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी रैली में शिरकत की। रैली सुमन पार्क से कृष्णा चौक होते हुए बौराड़ी तक निकाली गयी। पदाधिकारियों ने कहा कि



राज्य निर्माण के 23 साल बाद भी सरकारों ने जनता के साथ कुठाराघात किया है। अब राज्य की जनता को इस लड़ाई को लड़ने क लिए फिर से सड़कों पर आने की जरूरत है। कहा कि मूल निवास और सशक्त भू-कानून राज्य के अस्तित्व को बचाने के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य के युवाओं के सुरक्षित भविष्य और जमीन की खरीद फरोख्त रोकने के लिए दोनों महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए आमजन को भी आगे आना चाहिए।

# टैंपो ट्रेवलर खाई में गिरने से महिला की मौत, सात घायल

मोली(उद संवाददाता)। चमोली जिले के नंदानगर (घाट) के कांडई गांव के पास टैंपो ट्रेवलर खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। सभी लोग पूजा कर अपने घर कांडई लौट रहे थे, तभी वाहन हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के मुताबिक



टैंपो ट्रेवलर वाहन संख्या यूके-02-पीए-0058 सड़क से 20-25 मीटर नीचे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक सहित 12 लोग सवार थे। वाहन में सवार चार लोगों को कोई चोट नहीं आयी है, जिन्हें घटनास्थल से ही घर भेज दिया गया है। सात लोगों को चोटे आयी जिन्हें 108 की माध्यम जिला चिकित्सालय गोपेश्वर लाया गया। जबकि एक महिला की मृत्यु हो गयी है। मृतका की पहचान 50 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी कन्हैया लाल निवासि काण्डई तहसील घाट चमोली के रूप में हुई है। जबकि घायलों में 59 वर्षीय कन्हैया लाल पुत्र रैदास, चालक 28 वर्षीय बृजेश पुत्र कन्हैया लाल , 51 वर्षीय अखिलेश कन्याल पुत्र आशाराम , 18 वर्षीय अभिषेक कन्याल पुत्र अखिलेश कन्याल ,18 वर्षीय रोहित पुत्र राजकुमार,16 वर्षीय मोहित पुत्र राजकुमार , 30 वर्षीय संदीप पुत्र अनुसूया लाल शामिल हैं।

# प्रशासन की सद्बुद्धि के लिये जेष्ठावासियों ने बांटा लंगर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसुंगा रोड स्थित जेष्ठा कालोनी में समस्याओं का प्रशासन द्वारा कोई निस्तारण न कराये जाने पर कालोनी वासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि के लिये राहगीरों में लंगर वितरित किया। यहां आपको बता दे पिछले काफी समय से कालोनी में विद्युत संयोजन और जल निकासी की समस्या से कालोनीवासी जूझ रहे है। इस सम्बंध में कालोनीवासियों ने जिलाधिकारी और क्षेत्रीय विद्यायक को ज्ञापन भी सौंपे लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नही हुई। जिस पर कालोनी वासियों ने समस्याओं के निस्तारण के लिये आज राहगीरों को लंगर वितरित किया गया। लंगर वितरित करने वालों में मुख्य रूप से कुलदीप शर्मा, कृष्ण गोपाल, अजीत चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार चौधरी,एसपी सिंह,गिरीश कबड़ीयाल, आर यादव सहित कालोनी के तमाम लोग शामिल थें।



# हरि चैतन्यपुरी महाराज ने किया कृष्ण बलदेव मंदिर भवन का लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 10 स्थित श्री कृष्ण बलदेव मंदिर के ऊपरी तल पर स्थित भवन निर्माण का लोकार्पण संत स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज व विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान श्री कृष्ण बलदेव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे स्वामी श्री हरि चौतन्यपुरी जी महाराज मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने कहा कि विधायक निधि से धार्मिक स्थल में कुछ ना कुछ अवश्य धनराशि दी जा रही है। जिससे इस क्षेत्र का चौमुखी विकास लगातार हो रहा है। इस मौके पर निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,बबलू चौधरी, गुड्डू तिवारी,पप्पू दुआ, विनोद सिड़ाना,विनोद शर्मा, नीरज बजाज,सोमनाथ शर्मा, दीप हंसपाल, दलजीत कक्कड़, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## पेज एक का शेष...

**उत्तराखण्ड में अब धामी का दिखेगा..........**कदम उठाने के ऐलान को धरातल पर चरितार्थ करते हुए पुलिस ने हल्द्वानी हिंसा में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार कर 50 उपद्रवियों को हिरासत में भी ले लिया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में समाजवादी पार्टी के नेता का एक भाई, दो निर्वतमान पार्षद, एक खनन कारोबारी व एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं ।बता दें कि इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस ने 19 लोगों के खिलाफ नामजद और करीब 5000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। नामजद आरोपियों में से समाजवादी पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के भाई लाइन नंबर 17 निवासी सपा कार्यकर्ता जावेद सिद्दीकी, निर्वतमान पार्षद लाइन नंबर 16 निवासी महबूब आलम, लाइन नंबर 14 इंद्रानगर निवासी जीशान परवेज को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन्हीं के साथ लाइन नंबर 12 निवासी खनन कारोबारी अरशद अय्यूब और लाइन नंबर 3 निवासी असलम उर्फ असलम चौधरी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आलेख तैयार होने तक पांचों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही थी । इन पांच लोगों की गिरफ्तारी के अलावा पुलिस उपद्रवियों को चिह्नित कर उन्हें भी हिरासत में ले रही है। इसके लिए पुलिस ने 12 टीमों का गठन किया है तथा वनभूलपुरा में हुए उपद्रव की वीडियोग्राफी और मोबाइल वीडियो रिकॉर्डिंग द्वारा उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें चिह्नित किया है। पहचान के आधार पर पुलिस ने 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ मलिक के बगीचा पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराने वाले अब्दुल मलिक को भी पुलिस ने मुकदमें में नामजद किया है। फिलहाल वह फरार चल रहा है और उसकी तलाश में भी टीमें दबिश दे रही हैं।

**खाई में गिरा कैंटर........**में रख दिया गया। बेड़ीनाग के थाना प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कैंटर में सवार तीसरे व्यक्ति की देर रात तक तलाश की गई उसका कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह फिर से तीसरे व्यक्ति की खोजबीन के लिए अभियान चलाया गया। सुबह नौ बजे तीसरा शव मिला। उसकी शिनाख्त 26 वर्षीय अजय कुमार पुत्र लक्ष्मण राम निवासी बाजार वार्ड गंगोलीहाट, जिला पिथौरागढ़ के रूप में हुई। हादसे में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों शव बेड़ीनाग मोर्चरी में रखे हुए हैं। पंचनामा भरने के बाद तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

**मुठभेड़ में ईनामी........**जंगल में सड़क किनारे पेड़ की आड़ से पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें एक गोली आरोपी के पैर में लगी। आरोपी को घायल होने पर जौलीग्रांट अस्पताल ले जाया गया। एसपी देहात लोकजीत सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम मुस्तकीद है। आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमला करने और आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुस्तकीम ठाकुरद्वारा मुरादाबाद का रहने वाला है। वह देहरादून पटेल नगर थाने का 10 हजार का इनामी है। उसके खिलाफ 2021 में लॉकडाउन के दौरान एक नाबालिग का अपहरण कर दो लाख रुपये की फिरौती मांगने का मुकदमा दर्ज है।

**नकली सामान भेजकर.......**शुरूआत कर रहा था। उसे सर्वर लाइन सिक्योरिटी का कार्य करने के लिये कुछ सॉफटवेयर व सामान चाहिए था। जनवरी वर्ष 2023 में कार्य की शुरूआत करने के लिये उसने स्मार्ट प्लस टेक्नोलॉजी छत्तीसगढ़ की कम्पनी के मालिक से बातचीत की। दोनों के मध्य सॉफटवेयर व समान का सौदा रूपये 2,10,000/- में हुआ। उसने मालिक के गूगल पे पर अपने गूगल पे से पूरा भुगतान कर दिया। उसके कहने पर 1 जून .2023 को रूद्रपुर बाजार में सिक्योरिटी हब नाम से दुकान खोली। मालिक द्वारा उसे जो भी माल भेजा गया सारा डुबलीकेट था। उसे सॉफ्टेवर इंस्टोल नहीं कराया। गजेंद्र का कहना है कि उसने मालिक से कहा कि सारा माल डुबलीकेट है। पैसे वापस कर दो। सारा समान रिर्टन कर दूंगा। लेकिन उसके रुपए वापस नहीं लौटाए।

**भालू ने वृद्ध पर किया......**वन विभाग को दे दी गई है। भालू के हमले की खबर से गांव में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है, पहले भी कई बार गांव में शेर ने एक बच्ची ने पर हमला कर दिया जिसकी मौत हो गई, वन विभाग को जानवर चराने जाएं उनकी सुरक्षा के लेकर कोई इंतजाम करने चाहिए।

**घरों से निकली सैकड़ो......**के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। भारी पुलिस फोर्स के कारण स्थानीय लोग अपनी आवाज को नहीं उठा पा रहे थे। आज क्षेत्र की महिलाओं के सब्र का पैमाना डगमगा गया और सैकड़ों की संख्या में महिलायें ईदगाह रोड़ से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतर आई। अचानक यह नजारा सामने देख सूचना मिलते ही अधिकारी आश्चर्यचकित रह गये। तत्काल क्षेत्र में तैनात पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को आगे बढ़ने से रोक दिया। महिलाओं का कहना था कि कर्फ्यू में कोई ढ़ील न दिये जाने से उनके परिवार के समक्ष कई समस्याएं आ रही हैं। विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों की हालत बिगड़ती जा रही है। अधिकारियों द्वारा उन्हें काफी समझाने की कोशिश की गई जब महिलायें कोई बात सुनने को राजी नहीं हुई तो पुलिस कर्मियों ने जमीन पर लाठियां फटकार कर महिलओं को दूर तक खदेड़ दिया। साथ उन्हें चेतावनी दी कि कर्फ्यू का उल्लंघन किसी भी दशा में न किया जाये। प्रशासन द्वारा स्थिति को देखते हुए ही कर्फ्यू में ढ़ील का निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

**हल्द्वानी दंगे का मास्टर माइंड...........**हटाये जाने के बाद समुदाय विशेष के लोगों ने पुलिस और नगर निगम की टीम पर हमला करने के साथ ही थाना फूंक दिया था और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। हिंसा में तीन सौ से अधिक लोग घायल हो गये जबकि कुछ लोगों की मौत हो गयी थी। दंगे के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए शहर में कर्फ्यू लगा दिया था। शहर में अभी भी भारी संख्या में फोर्स तैनात की गयी हैं। संवेदनशील इलाकों को छोड़कर शहर में अन्य स्थानों पर कर्फ्यू में शनिवार को ही ढील दे दी गयी थी। संवेदनशील इलाकों में रविवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। हिंसा की घटना के बाद से बंद इंटरनेट सुविधा रविवार को बहाल कर दी गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इंटरनेट सुविधा बहाल होने के साथ ही उत्तराखंड पुलिस ने अपने एक्स पेज पर लोगों को हिदायत भी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति सांप्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने संबंधी भड़काऊ पोस्ट, फोटो, वीडियो या कमेंट सोशल मीडिया में प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। दंगाईयों के खिलाफ पुलिस का एक्शन भी तेज हो गया है। दंगाईयों का चिन्हीकरण करने के साथ ही गिरफ्तारियां भी की जा रही है। बताया जाता है कि दंगे के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। अब्दुल मलिक को हल्द्वानी लाने के बाद पूछताछ की जा रही है। शनिवार से अब तक पुलिस अलग-अलग क्षेत्र में दबिश देकर 75 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में ले चुकी है। उपद्रव में पुलिस ने महिलाओं को भी नामजद किया है। पहले उपद्रवियों ने महिलाओं को ही ढाल बनाया था। उन्हें आगे कर नारे लगवाए गए। महिलाएं धरने पर बैठी और फिर जब पथराव शुरू हुआ तो इसमें उन महिलाओं की भी भूमिका रही, जो नारे लगा रही थीं। इसीलिए पुलिस टीम इन्हें चिह्नित करने में लगी है। संवेदनशील इलाके को चारों ओर से अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिस और पीएसी ने घेर रखा है। किसी भी स्थिति में मामला अब न बिगड़े, इसलिए सरकार ने केंद्र से चार अतिरिक्त कंपनी अर्द्धसैनिक बल और मांगा है।

**बनभूलपुरा से सटे क्षेत्र.....**में कर्फ्यू लगा दिया गया था। हांलाकि प्रशासन ने कुछ बाहरी क्षेत्रों में कर्फ्यू में थोड़ी ठील दी। लेकिन बनभूलपुरा तथा इससे लगते क्षेत्र में को भी ढ़ील नहीं दी गई। जिस कारण नगर के मीरा मार्ग, नया बाजार, सब्जी मंडी, मंगल पड़ाव, सखावत गंज, दर्जी लाईन आदि बाजार क्षेत्र आज भी पूरी तरह से बंद रहा। जिससे यहां सन्नाटा पसरा रहा। बाजार क्षेत्र में पैरा मिलेट्री, सीआरपीएफ, नागरिक पुलिस, पीएसी सहित कई पुलिस फोर्स चप्पे चप्पे पर तैनात होकर हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हल्द्वानी हिंसा में पांच दंगाईयों को किया गिरफ्तार

## बनभूलपुरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम : एसएसपी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। आठ फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में घटित घटना मामले में 01 नगर निगम एवं 02 पुलिस की तहरीर पर कुल-03 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। मामले में टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर 05 अभियुक्तो की गिरफ्तारी की गई है। वनभूलपुरा क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्र में कर्फ्यू हटा दिया गया है। अति आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सामान्य चल रही है। थाना बनभूलपुरा को सुचारू रूप संचालित किया जा चुका है, थाने पर समस्त कार्य सुचारू रूप से चल रहे हैं।अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई है जो गिरफ्तारी के लिए कार्य कर रही है। थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी क्षेत्र में अवैध निर्माण ध्वस्तीकरण के दौरान हुई घटना के संबंध में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वर्तमान में स्थिति हमारे कंट्रोल में है, इसीलिए थाना बनभूलपुरा और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में लोगों की आवश्यकताओं को देखते हुए कर्फ्यू में नरमी बरती गई है। उन्होंने कॉन्फ्रेंस में बताया कि बनभूलपुरा दंगे में पुलिसकर्मी भी चोटिल हुए हैं, अच्छी बात यह है कि अभियान में शामिल सभी पुलिसकर्मी, निगमकर्मी, प्रशासन कर्मचारी/अधिकारी सुरक्षित वापस आये हैं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने का कार्य किया जा रहा है। अब तक 05 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा



चुकी है। कानून व्यवस्था भंग करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि अवैध निर्माण का कार्य अब्दुल मलिक के द्वारा किया गया था, जो इस केस में नामजद भी है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा बनभूलपुरा थाने में जिन उपद्रवियों द्वारा आगजनी का कार्य किया गया है, उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि अब तक नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा कुल 03 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी। हल्द्वानी नगर आयुक्त श्री पंकज उपाध्याय ने बताया कि अजय कुमार नाम के व्यक्ति जो गंभीर रूप से घायल हो गया था उसका उपचार साइ अस्पताल में चल रहा था उनका सफलतापूर्वक ऑपरेशन संपन्न हो गया है और उनको बेहतर इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। साथ ही उन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए निशुल्क एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। प्रशासन परिजनों को संपूर्ण सहयोग प्रदान कर रहा है। श्री उपाध्याय ने बताया कि इसके अलावा भी नगर निगम का एक कार्मिक इस घटना में घायल हुए हैं उनका उपचार कृष्णा अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा अपने कार्मिकों और उनके परिजनों को हर प्रयोग प्रकार का सहयोग नगर निगम प्रशासन कर रहा है।

# दूध ,सब्जी सहित आवश्यक सेवाओं को सुचारू किया

## जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी







हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर शनिवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्र में प्रशासन की निगरानी में आवश्यक सेवाओं को सुचारू किया गया। प्रशासन ने जरूरतमंदों को इलाज और दवाइयां भी साथ ही दूध सहित आवश्यक सामग्री वितरित की। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं बहाल करने के साथ ही बीमार लोगों को इलाज और दवाइयां उपलब्ध कराई गई साथ ही जोनल मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई ने बृजलाल, कृष्णा और बेस अस्पताल व सुशीला तिवारी अस्पताल में जाकर बनभूलपुरा उपद्रव के दौरान घायल लोगों का हाल-चाल जाना और डॉक्टर से उनके उपचार की जानकारी ली। देर रात तक प्रशासन जहां कर्फ्यू ग्रस्त इलाके में राहत सामग्री आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराता रहा तो वहीं दूसरी तरफ घायलों की स्थिति व उनके उपचार की स्थिति का भी जायजा लिया गया। कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा की जरूरत होने पर मेडिकल एंबुलेंस की सुविधा मिल सके। इसके लिए जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सीएमओ डा श्वेता भंडारी को मेडिकल एंबुलेंस की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में प्रभावित क्षेत्रों में आम जन को आपात स्थिति में किसी भी प्रकार की असुविध ा न हो स्वास्थ्य विभाग ने दो हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए है जिनका नाम और फोन नंबर डा एन सी तिवारी, एसीएमओ 9410167445 और डा अजय, डिस्ट्रिक्ट इम्मुनाइजेशन अधिकारी 9412120155 है। रविवार सुबह से कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र को छोड़ते हुए इंटरनेट सेवा को बहाली हो जाएगी। रोडवेज की बसे पूर्व की भांति अपने स्थलों से चल रही है। कल 11 फरवरी को आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा अपने निर्धारित स्थल और समय पर होगी। साथ ही सब्जी मंडी भी सुचारू है जिससे लोगों को सब्जी की समस्या न हो। कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को एसेंशियल सेवाओं की आपूर्ति हो इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट को राशन, दूध , सब्जी आदि आवश्यक सामग्री की आपूर्ति बनाए रखने के आदेश दिए है।


